**विचार**

दोस्ती और विरोध दोनों अस्थायी होते हैं, लेकिन इज्जत हमेशा के लिए रहती है। आइए समाज में ऐसे संस्कार विकसित करें जहाँ हर कोई, परिस्थितियों से परे, एक-दूसरे के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करे।

- राज सुखदेव

सब की खबर

# जनगाथा टाइम्स

वर्षः 05 ■ अंकः 344 ■ सोमवार 13 अक्तूबर 2025 ■ पृष्ठ : 08 ■ मोबाइलः 98881-91277 ■ editor@jangathatimes.com ■ www.jangathatimes.com ■ RNI NO.PUNHIN/2018/75723







## न्यूज विंडो

### मोहिंदर केपी के बेटे रिची कैपी की मौत मामला, हाईकोर्ट ने खारिज की आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका



**जालंधर।** जालंधर में पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मोहिंदर केपी के बेटे की एक्सीडेंट में हुई मौत के मामले में जिस क्रेटा कार ने मारी थी टक्कर उसे चलाने वाले गुरशरण सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। 13-14 सितंबर की दरमियानी रात को यह एक्सीडेंट हुआ था जिसमें मोहिंदर केपी के बेटे रिची की मौत हो गई थी। एफआईआर के मुताबिक तेज रफ्तार से आ रही क्रेटा कार ने रिची की फॉरच्यूनर कार को टक्कर मार दी थी। इस एक्सीडेंट में चार कारें दुर्घटना ग्रस्त हुई थी। एक्सीडेंट के बाद क्रेटा कार को चलाने वाला मौके से फरार हो गया था। इसी मामले मे आरोपी ने हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मांगी थी जिसको हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया।

### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा राशि देने का काम शुरू, चैक की राशि को लेकर उट मान ने कही बड़ी बात



**अमृतसर।** पंजाब सरकार ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि देने का काम शुरू कर दिया है। इसकी शुरूआत अजनाला से की गई है। जहां, सीएम भगवंत मान ने खुद वहां पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि के चैक सौंपे। इस मौके सीएम भगवंत मान ने कहा कि 600 से अधिक पीड़ित परिवारों को मुआवजे की राशि देने आए है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार की तरह यह कोई 25 या 37 रुपए के चैक नहीं, ब्लकि देश के सबसे अधिक 20,000 प्रति एकड़ के चैक है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोगों के खातों में पैसे आ भी गए है। अजनाला के 52 गावों को कुल 5 करोड़ 70 लाख रुपए की राशि वितरित की गई है। सीएम मान ने कहा कि देश में पहली बार है कि नुकसान के बाद पीड़ित परिवार और किसानों को 30 दिन के अंदर सबसे अधिक मुआवजा राशि 20 हजार प्रति एकड़ किसी भी सरकार ने दिए हो।

## पंजाब राज्यसभा चुनाव:नामांकन पत्र में आप विधायकों के जाली हस्ताक्षर; राजस्थान के व्यक्ति ने किया खेल, केस दर्ज

**चंडीगढ़**

पंजाब से राज्यसभा चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्र में फजीवाड़ा हुआ है। पंजाब पुलिस ने पंजाब विधानसभा के वर्तमान सदस्यों (विधायकों) से शिकायतें मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राजस्थान के जयपुर निवासी नवनीत चतुर्वेदी नाम के व्यक्ति ने पंजाब से आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने का दावा करते हुए नामांकन पत्र पर उनके हस्ताक्षरों की कथित जालसाजी की है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता विधायकों ने बताया है कि उन्हें ऐसे संदेश और सोशल मीडिया से मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि नवनीत चतुर्वेदी द्वारा पंजाब विधानसभा सचिव के समक्ष दाखिल नामांकन पत्र में उनके नाम प्रस्तावक के रूप में शामिल थे। नवनीत चतुर्वेदी ने राज्यसभा के लिए दो नामांकन



दाखिल किए हैं, एक 6 अक्तूबर और दूसरा 13 अक्तूबर को फाइल किया गया है। विधायकों ने कहा कि यह पाया गया कि प्रस्तावकों की एक साइन की गई लिस्ट पर कथित तौर पर इन विधायकों के हस्ताक्षर थे, जो नामांकन पत्रों के साथ संलग्न की गई थी और उसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया जा रहा था। विधायकों ने उक्त नामांकन पर हस्ताक्षर या समर्थन करने से स्पष्ट रूप से इनकार किया है और आरोप लगाया है कि उनके नाम और हस्ताक्षर जाली थे। उनकी सहमति के बिना धोखाधड़ी से उनका इस्तेमाल किया गया था। एक संवैधानिक प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए जाली दस्तावेज जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र से जुड़ा एक गंभीर अपराध है। शिकायतकर्ता विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों के विभिन्न पुलिस थानों में नवनीत चतुर्वेदी, पुत्र घनश्याम चतुर्वेदी, निवासी 402 सरयू अपार्टमेंट, सेक्टर 26, प्रताप नगर, जयपुर (राजस्थान) और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस साजिश का पता लगाने, इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने और फॉरेंसिक एवं डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। पंजाब पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और इसे आधिकारिक चुनाव दस्तावेजों में हेराफेरी करके अधिकारियों और जनता को गुमराह करने का प्रयास माना है।

## भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से दो एके-47 और कारतूस बरामद, पाकिस्तान से पैकेट में छिपाकर भेजे गए थे

**खडूर साहिब**

सीमा सुरक्षा बल ने भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से दो एके-47 राइफल और मैगजीन बरामद की हैं। इसके अलावा एक पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। यह सब एक पैकेट में छुपाए गए थे। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला कि यह खेप पाकिस्तान से भेजी गई थी। इसके जरिए त्योहार के सीजन में पंजाब में आतंकी साजिश को अंजाम दिया जाना था। बरामद हुए हथियारों को अमृतसर के स्टेट ऑपरेशन सेल को सौंप दिया गया है।



मेहंदीपुर गांव के पास बॉर्डर फेंस से बरामद हथियारों को भारतीय सीमा सुरक्षा ने स्टेट ऑपरेशन सेल को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने कहा कि सीमा पर हर संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है और किसी भी आतंकी या हथियार तस्करी की कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

ऑपरेशनल विवरण साझा करते हुए एसएसओसी अमृतसर के एआईजी सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि बीएसएफ अधिकारियों को खेमकरण सेक्टर के अंतर्गत भारत-पाक सीमा पर मेहदीपुर गांव के पास सीमा पार से हथियारों की खेप आने की सूचना मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए गांव के इलाके में एक तलाशी अभियान चलाया और इलाके से हथियारों की एक खेप बरामद की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान मामले में, बरामद हथियारों के स्रोत का पता लगाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस अपराध में शामिल आरोपियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए जांच की जा रही है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन एसएसओसी अमृतसर में शस्त्र अधिनियम की अलग अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# रयात बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में तीसरा नेशनल करंट गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस डे मनाया गया

## दवा निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा पर दिया गया जोर

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**रविंदर**



रयात बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में तीसरे नेशनल करंट गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (cGMP) डे के अवसर पर एक जागरूकता लेक्चर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वाइस चांसलर डॉ. चंद्र मोहन और डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. मनिंदर सिंह ग्रोवर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. मनिंदर सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI) के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को दवाइयों की गुणवत्ता, सुरक्षा और सही उत्पादन प्रक्रिया के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि दवा निर्माण के दौरान सफाई, गुणवत्ता नियंत्रण और नियामक मानकों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह सब लोगों की सेहत और भरोसे से जुड़ा हुआ है। इस मौके विभाग के छात्रों ० अध्यापकों ने दवा उद्योग की सही कार्यप्रणाली के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

# धनतेरस पर झाड़ू क्यों खरीदनी चाहिए ? जानिए इसका धार्मिक महत्व

धनतेरस को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है, जो कि 18 अक्टूबर को है. वैसे तो लोग इस दिन सोना-चांदी जैसी कीमती चीज खरीदते हैं. लेकिन इस दिन झाड़ू खरीदना बेहद शुभ माना गया है. ऐसे में हम आपको बताएंगे कि धनतेरस पर झाड़ू क्यों खरीदी जाती है और इसका महत्व क्या है.

धनतेरस पर झाड़ू इसलिए खरीदी जाती है, क्योंकि इसे धन की देवी लक्ष्मी मां का प्रतीक माना जाता है. धार्मिक मान्यता के अनुसार, धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदना मां लक्ष्मी को घर में लाने के समान है. इस दिन झाड़ू खरीदने से देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में स्थायी रूप से निवास करती हैं.

झाड़ू घर से नकारात्मक ऊर्जा और दरिद्रता को दूर करती है. ऐसे में धनतेरस पर नई झाड़ू घर में लाने से घर में सुख-समृद्धि आती आती है और दरिद्रता दूर होती है. साथ ही, धनतेरस पर झाड़ू खरीदने से धन-दौलत में बरकत होती है और परिवार के लोगों की आय बढ़ती है. धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदकर साफ-सफाई करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है, जिससे मां लक्ष्मी आकर्षित होती हैं. धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदना घर की दरिद्रता को दूर करने और समृद्धि बढ़ाने का एक शुभ उपाय माना जाता है. झाड़ू मां लक्ष्मी का प्रतीक है और घर में माता लक्ष्मी का वास बनाए रखने के लिए धनते[illegible]स के दिन झाड़ू खरीदकर लाएं तो इस[illegible]ी विधिपूर्वक पूजा भी करनी चाहिए[illegible] इसके अलावा, धनतेरस पर खरीदी गई झाड़ू का उसी दिन इस्तेमाल नहीं करना चाहिए.



# इन 7 चीजों को खाकर भी कर सकते हैं पूजा, धर्मशास्त्र में है वर्णन




सनातन धर्म में पूजा पाठ और धार्मिक कार्य बहुत महत्वपूर्ण माने जाते हैं. पूजा पाठ और धार्मिक कार्य से व्यक्ति पुण्य फलों की प्राप्ति करता है.

उसके घर-परिवार में खुशहाली बनी रहती है, लेकिन पूजा पाठ या अन्य किसी धार्मिक काम से पहले शरीर और मष्तिष्क की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण मानी गई है.

स्नान, स्वच्छ वस्त्र और संयमित आहार व्यक्ति को पूजा-पाठ के योग्य बनाने के लिए जरूरी है. हालांकि कई बार व्यक्ति बीमार होने या भूख न सह पाने के कारण कुछ खा लेता है, तो उसके मन में ये सवाल आता है कि क्या वो खाने के बाद भी पूजा-पाठ कर सकता है?

इसका जवाब धर्मशास्त्रों और पुराणों में ऋषि-मुनियों ने दिया है. व्रतराज नामक एक ग्रंथ में 7 चीजों को पवित्र बताया गया है, जिनका सेवन करने के बाद भी व्यक्ति पूजा पाठ और धार्मिक अनुष्ठान कर सकता है. आइए जानतें हैं ये सात पवित्र चीजें कौनसी हैं?

### जल

जल को जीवन माना गया है. अगर प्यास लगी हो तो व्यक्ति पूजा से पहले जल पी सकता है. जल पीने के बाद की जाने वाली पूजा को भगवान स्वीकार करते हैं. ये शास्त्रसम्मत भी है.

### दूध

गाय का दूध बहुत पवित्र होता है. व्यक्ति या कोई व्रती दूध का सेवन करके पूजा पाठ कर सकता है.

### कंद-मूल

शकरकंद, अरबी, आलू आदि की गिनती कंद मूल भोजन में की जाती है. ये चीजें सात्विक हैं. इनके सेवन के बाद पूजा पाठ किया जा सकता है.

### फल

फलों को स्वाभाविक रूप से सात्त्विक और पवित्र माना गया है. फलों का सेवन करने के बाद बिना स्नान किए भी पूजा पाठ किया जा सकता है.

### औषधि

अगर कोई व्यक्ति बीमार है, तो वो दवाएं खाकर पूजा-पाठ कर सकता है. औषधियां शास्त्रों में धर्मसम्मत मानी गई हैं.

### पान

हिंदू धर्म में पान का पत्ता बहुत शुद्ध माना गया है. इसका उपययोग पूज पाठ में भी होता है. इसका सेवन करने के बाद भी पूजा पाठ किया जा सकता है.

### गन्ना

गन्ना प्राकृतिक और सात्विक भोजन माना जाता है. इसके सेवन के बाद भी पूजा पाठ करने पर कोई रोक नहीं है.



स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक, राजेंद्र कुमार के द्वारा नारैन प्रिंटिंग प्रेस कश्मीरी बाजार होशियारपुर पंजा से छपवाकर, शंकर नगर नजदीर रेलवे स्टेशन होशियारपुर से प्रकाशित किया। सम्पादक राजेंद्र कुमार

# वफादार, मददगार, दिल का साफ क्यों रहे उदास?

उपर्युक्त उक्ति आज मैंने पढ़ क्या ली ,बेईमान स्वार्थियों की सूची उसी, वक्त मेरे सामने बननी शुरू हो गई। बात सच है और विश्वास करने योग्य भी है क्योंकि आज दुनिया भर के लोगों के शब्दकोश में सच्चाई ,ईमानदारी और नैतिकता की बात करने वाले मूर्ख, बुजदिल और डरपोक कहे जाते हैं। वक्त की किताब के पन्ने जिस प्रकार हर रोज पलटते जाते हैं, वैसे ही एक के बाद एक जमाने भी गुजर जाते हैं । एक जमाना था जब सभ्यता , विश्वास, सहयोग की जड़ें मनुष्यता और सहजता में मानी जाती थीं। इन्हीं विशेषताओं पर आपसी रिश्तों की नींव टिकी थी। पर आज की दुनिया में ये गुण जैसे किसी पुरानी किताब के पीले पन्नों में दबे हों, जिन पर छपे अक्षर पढ़ना नाकों चने चबाने जैसा लगता है । वफादार , मददगार और दिल के साफ ,ये तीनों ह्लगुणह्व आज' गुण' नहीं ह्लगुनाह ह्व ज्यादा लगने लगे हैं। आज का समाज अच्छे इंसान को देखकर सोचता है , ह्लअरे ! यह तो काम का आदमी है , इससे अपना काम निकलवाओ और किनारा कर लो।ह्व वफादार व्यक्ति रिश्तों में चट्टान की तरह अडिग रहते हैं, लेकिन समाज उन्हें ठोकर मारता है और निजी स्वार्थों के लिए उन्हें नजर अंदाज कर देता है। मददगार व्यक्ति नदी के बहाव की तरह निष्छल बहते हैं और दूसरों की प्यास बुझाते-बुझाते अपनी निःस्वार्थ मिट्टी का बलिदान दे देते हैं। साफदिल इंसान आइने की तरह होते हैं , पर लोग उनमें अपना असली चेहरा देखकर बिफर पड़ते हैं। आइना तोड़ डालते हैं, पर चेहरा सुधारने की कोशिश नहीं करते। यही कारण है कि यह त्रिमूर्ति वफादार, मददगार, साफदिल इंसान समाज की उठा- पटक के सामने भीतर से उदास रहते हैं।

आज के समाज की बनावट वास्तव में स्वार्थ के धागों से बुनी गई है। यहां सफलता का एक ही मंत्र है - ₹ जीत चाहिए तो ताकत से ज्यादा तिकड़मबाज हो जाओ, चिल्ला- चिल्ला कर बात करो । क्योंकि विजेता होने के लिए एक ही मंत्र अपनाना होगा - जो आगे निकलेगा वही विजेता कहलाएगा । इस जीत के लिए चाहे किसी का सिर क्यों न कुचलना पड़े , किसी कंधों पर सवार क्यों न होना पड़े,बस पलटकर नहीं देखना है ।ह्व ऐसे माहौल में सहयोग और निष्ठा को कोई सम्मान नहीं मिलता। मदद करने वाला अक्सर संकट में अकेला पाया जाता है।

अपने कार्यस्थल पर नियमपालन करने वाला कर्मचारी अपने चालाक साथियों से पिछड़ जाता है, क्योंकि वह ह्लनेटवर्किंगह्व नहीं करता, सिर्फ काम करता है। परिवार में सबको जोड़ने वाला सदस्य ही सबके द्वारा अनसुना कर दिया जाता है, क्योंकि वह अपनी बात मनवाने के लिए शोर नहीं मचाता है । समाज में संकटमोचक व्यक्ति खुद संकट में पड़ने पर इंतजार करता रह जाता है कि- कोई उसकी भी सुध लेगा। और तब समझ आता है कि ह्लदुनिया तालियां बजाती है, कंधे का सहारा नहीं देती।ह्व इन सबके बाद भी ऐसे लोग सिर्फ ह्लअच्छे इंसानह्व कहलाते हैं। कोई उनकी अच्छाई को उपयोगी मानता है, कोई इसे उनकी कमजोरी कहता है।

प्रश्न उठता है कि क्या ऐसे गुणीजन सही मानव की परिभाषा से अभिहित नहीं किये जा सकते ? निस्संदेह, ऐसे लोग सही मानव कहलाते हैं। इन्हीं में मानवता की शुद्धतम झलक है। इनका उदास रहना इनकी कमजोरी नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की बीमारी है , जो स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा पर पलती है। यह वैसा ही है जैसे सूरज अपनी रोशनी बिखेरता रहे और लोग छांव में बैठकर सूरज को कोसें।

वफादार और मददगार,दिल के साफ व्यक्तियों को विपरीत परिस्थितियों में उदासीनता क्यों महसूस होती है ? वफादार और दिल के साफ लोग अक्सर अपनी नीयत और कर्मों से पारदर्शी होते हैं। वे दूसरों के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं और बदले में अपेक्षा करते हैं कि लोग उनकी भावनाओं को समझेंगे और सम्मान देंगे। जब समाज में उन्हें उपेक्षा, स्वार्थ या छल दिखाई देता है तो उन्हें भीतर से चोट पहुँचती है। यही अनुभव धीरे-धीरे उन्हें उदासीनता में बदल जाता है। वे यह सोचने लगते हैं कि उनकी



द्वारा –
**डॉ विभा कुमरिया शर्मा**
**लुधियाना, पंजाब।**

सच्चाई और भलमनसाहत का कोई मूल्य नहीं रहा, इसलिए वे भावनात्मक रूप से दूरी बनाने लगते हैं।

समाज की चाल और उनके स्वभाव में सुमेल क्यों नहीं होता ? समाज की चाल अक्सर व्यावहारिकता और स्वार्थ पर आधारित होती है, जबकि उपरोक्त विशेषता वाले लोग आदर्शवाद पर टिके रहते हैं। समाज में आगे बढ़ने के लिए कई बार समझौते करने पड़ते हैं, मगर ऐसे लोग अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करना चाहते। परिणामस्वरूप उनके मूल्यों और समाज की गति में टकराव आ जाता है। इस असंगति के कारण उन्हें लगता है कि वे बहाव के विपरीत चल रहे हैं।

क्या ऐसे लोगों को समाज के साथ चलने के लिए अपनी चाल बदल लेनी चाहिए ? आदत के विरुद्ध अपनी चाल बदलना तभी उचित है जब वह उनके मूल्यों को न तोड़े । यदि बदलाव का अर्थ केवल दृष्टिकोण में लचीलापन और व्यावहारिकता अपनाना है, तो यह सकारात्मक हो सकता है। परन्तु यदि बदलाव का अर्थ अपने चरित्र, सच्चाई या नैतिकता को त्यागना है, तो यह आत्मघात समान होगा। उन्हें यह पहचानना होगा कि कब समझौता व्यावहारिक है और कब यह बदलाव उनकी आत्मा को चोट पहुँचाएगा।

उचित कदम क्या होंगे ? उचित कदम यही होंगे कि ऐसे व्यक्ति अपने मूल्यों को बनाए रखते हुए आत्मबल और धैर्य विकसित करें। उन्हें अपनी ऊर्जा केवल उन कार्यों में लगानी चाहिए जो उनके जीवन और समाज के लिए उपयोगी हों। साथ ही, समान विचारधारा वाले लोगों का संग ढूँढ़ना चाहिए ताकि वे अकेलेपन की भावना से उबर सकें। आत्मसंवाद और सकारात्मक सोच उन्हें आंतरिक शांति और संतुलन प्रदान कर सकती है।

समाज के लिए क्या उपयोगी है ? समाज के लिए सबसे उपयोगी यही है कि ऐसे सच्चे, वफादार और मददगार लोग टूटें नहीं, बल्कि अपनी अच्छाई से समाज को प्रेरित करें। जब ये लोग अपने हृदय की स्वच्छता और आदर्शों को बचाए रखते हुए व्यावहारिक जीवन जीते हैं, तब समाज का चरित्र ऊँचा उठता है। ऐसे लोग समाज में नैतिकता, विश्वास और सहयोग का वातावरण बना सकते हैं, जो किसी भी स्वस्थ और प्रगतिशील समाज की नींव है।

पर समय आ गया है कि ऐसे लोग इस बहरूपिए समाज और बदलते परिवेश में अपनी अच्छाई को आत्मसम्मान के कवच में लपेट लें , सहेजें और नीच विचारों वाले लोगों से दूर रखें । वफादारी का मतलब गुलामी नहीं, गरिमा के साथ निभाई गई निष्ठा होना चाहिए । मदद का अर्थ अपने को मिटाना नहीं, बल्कि अपनी सीमाओं को पहचानते हुए हाथ बढ़ाना होना चाहिए। दिल की सफाई में विवेक की परत चढ़ानी होगी, ताकि पारदर्शिता कमजोरी नहीं, मजबूती लगे। वास्तव में यही लोग मानवता की शिराओं में जीवन का रक्त प्रवाहित करते हैं। इन्हीं के बलबूते पर यह दुनिया अब तक बची हुई है। इतिहास गवाह है कि - ह्लजिन्हें दुनिया ने उदास या उदासीन कहा, वही लोग सभ्यता और संस्कृति को बचाने के लिए प्रयासरत दिखे और तन -मन -धन से आजीवन सहयोग देते रहे, अनमोल मूल्यों की कीमत चुकाते रहे।ह्व इन्हें दुखी नहीं, जीवनदाता कहना चाहिए यह कहना अतिश्योक्ति न होगी कि इनके बिना सभ्यता का सूरज ही अस्त हो जाएगा।

# जेम्स कैंब्रिज इंटरनैशनल स्कूल के तीन एनसीसी कैडेटों का बेस्ट कैडेट स्कॉलरशिप अवार्ड के लिए चयन

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**रविंदर**



जेम्स कैंब्रिज इंटरनैशनल स्कूल के तीन एनसीसी कैडेटों का चयन जालंधर एनसीसी ग्रुप में होने वाले बेस्ट कैडेट स्कॉलरशिप अवार्ड के लिए किया गया है। यह तीनों कैडेट 12वीं पंजाब एनसीसी बटालियन का प्रतिनिधित्व करेंगे। एनसीसी के स्कूल प्रभारी और एसोसिएट ऑफिसर गुरमीत सिंह ने बताया कि चयन प्रक्रिया में तीनों छात्रों आर्यन गंगर, जसपिंदर पाल सिंह और हरशान कौर ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से सफलता हासिल की। इस प्रतियोगिता में फायरिंग, ड्रिल, लिखित परीक्षा और मौखिक साक्षात्कार में उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। स्कूल प्रिंसिपल संगीता निसतंद्र ने कहा कि छात्रों ने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये छात्र देशभक्ति और मेहनत की भावना से प्रेरित रहेंगे और भविष्य की प्रतियोगिताओं में और सफलता प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर वासल एजुकेशन के चेयरमैन संजीव वासल और सीईओ राघव ने कैडेटों के चयन पर खुशी व्यक्त की और उन्हें अगले चरण की प्रतियोगिता में पूरी तैयारी के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पंजाबी सिंगर खान साब पर टूटा दुखों का पहाड़, 17 दिन पहले मां के बाद अब पिता का भी निधन

**जालंधर**



पंजाबी संगीत जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। मशहूर सिंगर खान साब के पिता इकबाल मुहम्मद (उम्र 70 वर्ष) का सोमवार अचानक निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वे सुबह घर में नहा रहे थे, तभी उन्हें हार्ट अटैक आया। परिजनों ने तुरंत उन्हें जालंधर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खान साब के परिवार के लिए यह गहरा सदमा है क्योंकि सिर्फ 17 दिन पहले ही उनकी मां परवीन बेगम का निधन हुआ था। मां की मौत की खबर सुनते ही खान साब ने कनाडा में चल रहे अपने सभी शो रद्द कर कपूरथला लौटकर अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया था। करीबी सूत्रों के अनुसार, पत्नी की मौत के बाद इकबाल मुहम्मद गहरे सदमे में थे और अक्सर परिवार के सामने भावुक हो जाते थे। अब महज तीन हफ्तों में माता-पिता दोनों के निधन से खान साब और उनका पूरा परिवार टूट चुका है।

**संगीत जगत में शोक की लहर**

खान साब पंजाब के लोकप्रिय गायकों में से एक हैं और उनके गाने दुनियाभर में सुने जाते हैं। उनके पिता के निधन की खबर फैलते ही फैंस, संगीतकारों और सहयोगियों ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त किया है।

# विधायक जिम्पा ने वार्ड नंबर 16 में 20 लाख की लागत से सीवरेज लाइन डालने के कार्य की करवाई शुरूआत

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**हैप्पी कलेर**




विधायक ब्रम शंकर जिम्पा ने आज वार्ड नंबर 16, गुग्गा पीर रोड में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से सीवरेज लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ किया। विधायक जिम्पा ने

## कहा, विकास कार्यों में किसी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

कहा कि पंजाब सरकार के नेतृत्व में होशियारपुर शहर के हर वार्ड में विकास कार्य लगातार जारी हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सीवरेज, सड़क और नालियों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि नागरिकों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी ठेकेदारों को समयबद्ध रूप से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। विधायक जिम्पा ने कहा कि शहर के सभी इलाकों में समान रूप से विकास करवाना उनका संकल्प है और लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार जनहित के कार्यों के लिए पूरी तरह समर्पित है और जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मौके पर मेयर सुरिंदर कुमार, सीताराम, संदीप चेची, गुर्मेल सिंह, जोरावर सिंह, सुखदेव सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# हमास ने 7 इजराइली बंधकों को छोड़ा, थोड़ी देर में 13 और रिहा होंगे; ट्रंप इजरायल के लिए रवाना



**तेल अवीव :** इजरायल-हमास युद्ध को खत्म करने की दिशा में एक बड़ी प्रगति हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजरायल के दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। इस बीच इजरायल और हमास ने बंधकों की अदला-बदली की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस समझौते का उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच जारी युद्ध को समाप्त कर स्थायी शांति की दिशा में कदम बढ़ाना है। इजरायली सरकार की प्रवक्ता शोश बेड्रोसियन ने बताया कि आज तीन अलग-अलग समूहों में 20 जिंदा बंधकों को रिहा किया जाएगा, जबकि 28 मृत बंधकों के शव इजरायल को सौंपे जाएंगे। इसके बदले इजरायल 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।


SINCE 1958
St. Soldier
DIVINE PUBLIC SCHOOLS
LEADING CHAIN OF 33 SCHOOLS IN INDIA
B Academics
Sports
E Culture
Values
S Discipline
Teachers
T Infrastructure
ADMISSION OPEN
2025-26
FROM PRE-NURSERY ONWARDS
www.stsoldiergroup.com /stsoldiergroup
Come and Be a Part of World Class School Education at St. Soldier Divine Public Schools, Caring Teachers, Bright Students, Best Academic Results, Sports and Cultural Activities, KiDZ Paradise for tiny tots, Every Child deserve the education at St. Soldier Divine Public Schools.
HOSHIARPUR ZONE:
LAXMI ENCLAVE 01882-249622 PRINCIPAL - 9517929001, UNA ROAD 01882-236973, PRINCIPAL - 9464730881, TANDA: 01886-222680, PRINCIPAL - 9417246477, GARHDIWALA: 01886-261943, PRINCIPAL - 9417966958, MAHILPUR: 01882-245729, PRINCIPAL - 9569629339, CHABBEWAL: 01882-271443, PRINCIPAL - 9814312062, GARHSHANKAR: 01884-284154, PRINCIPAL - 9463778782
CORP. OFFICE : 680-L MODEL TOWN, JALANDHAR
M: 98140-03681, 98140-03652, 98143-45025

# सोनिलिका की ओर से पंजाब हेल्थ सिस्टम को 12 एम्बुलेंसों का उपहार – स्वास्थ्य सुविधाएँ होंगी और सशक्त

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**रूपिंदर**

सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड (सोनिलिका ग्रुप) की ओर से पंजाब हेल्थ सिस्टम को 12 एम्बुलेंसें दान की गई हैं। इन एम्बुलेंसों को माननीय डिप्टी कमिश्नर होशियारपुर श्रीमती आशीका जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. बलवीर कुमार को औपचारिक रूप से सुपुर्द किया गया। यह महत्वपूर्ण पहल इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड (सोनिलिका) के वाइस चेयरमैन श्री अमृत सागर मित्तल के दिशा-निर्देशों में ह्लचढ़दीकला पंजाबह्व के नारे को साकार करने की दिशा में एक कदम है। इस अवसर पर डिप्टी मेडिकल कमिश्नर डॉ. स्वाति, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जतिंदर भाटिया, सीनियर मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज सिविल अस्पताल डॉ. नवजोत सिंह, सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. नेहा पाल, तथा सोनिलिका ग्रुप की ओर से श्री अक्षय सांगवान (डायरेक्टर डेवलपमेंट एंड



कमर्शियल), श्री जे.एस. चौहान (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशन) और श्री रजनीश संदल (हेड लीगल एंड पी.आर.) भी उपस्थित रहे। डिप्टी कमिश्नर होशियारपुर श्रीमती आशीका जैन ने इस अवसर पर कहा, ह्लसोनिलिका द्वारा स्वास्थ्य प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए किया गया यह योगदान सराहनीय है। इन एम्बुलेंसों के माध्यम से आपातकालीन सेवाएँ और अधिक तेज व प्रभावशाली बनेंगी। औद्योगिक संगठनों और सरकार के संयुक्त प्रयासों से ही हम स्वास्थ्य क्षेत्र को नई ऊँचाइयों पर पहुँचा सकते हैं।ह्व सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. बलवीर कुमार ने कहा, ह्लसोनिलिका की ओर से पंजाब हेल्थ सिस्टम को दी गई ये एम्बुलेंसें आपातकालीन सेवाओं में तेजी लाने और मरीजों तक समय पर सहायता पहुँचाने में अत्यंत लाभदायक सिद्ध होंगी।ह्व इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने सोनिलिका ग्रुप के सामाजिक योगदान की सराहना की और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस प्रकार की पहल से स्वास्थ्य क्षेत्र और अधिक मजबूत होगा।

# स्पेशल बच्चों की तैयार मोमबत्तियां खरीदकर हमे उनका मनोबल बढाना चाहिए-ओ.पी.गुप्ता

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**रविंदर**

जेएसएस आशा किरन स्पेशल स्कूल जहानखेला के स्पेशल छात्रों की तरफ से जैंमस कैंबरिज स्कूल दसूहा, चौधरी बलवीर सिंह पबलिक सीनियर सेकंडरी स्कूल और एसडी कालेज होशियारपुर में मोमबत्तियों की प्रदर्शनी लगाई गई, दूसरा में प्रिंसीपल ओ.पी.गुप्ता ने, चौधरी बलवीर सिंह स्कूल में प्रिंसीपल बेदी ने , एसडी कालेज में प्रिंसीपल सविता गुप्ता ने प्रदर्शनी का उदघाटन किया और स्पेशल बच्चों के कार्य की सराहना की। प्रिंसीपल ओ.पी.गुप्ता ने कहा कि आशा किरन




स्कूल के स्टाफ और प्रबंधक कमेटी की तरफ से स्पेशल बच्चों को समाज की मुखय धारा से जोडऩे के लिए जो काम किया जा रहा है उसके नतीजे सामने आ रहे है जिसके तहत स्पेशल बच्चे मोमबत्तियां तैयार करके स्कूलों में पहुंच रहे है, उन्होंने समाज से अपील की के दीवाली के पर्व पर इन स्पेशल बच्चों की तरफ से तैयार की गई मोमबत्तियां खरीदकर अपने घर ले जाए और इससे स्पेशल बच्चों का मनोबल भी बढेगा। इस मौके आशादीप वैलफेयर सोसायटी के पुर्व प्रधान मलकीत सिंह महेड़ू, हरमेश तलवाड़ ने स्कूल प्रबंधन का धंन्यबाद किया।

# लैक्मे फैशन वीक में कृष्णा श्रॉफ का 'वारियर चिक' अवतार – शान्तनु और निकिल की ड्रेस में बिखेरी अद्भुत आभा

लैक्मे फैशन वीक में बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहन, फि टनेस आइकॉन और एंटरप्रेन्योर कृष्णा श्रॉफ ने अपने खास अंदाज और फैशन-फॉरवर्ड एलीगेंस के साथ सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। वे डिजाइनर जोड़ी शान्तनु और निकिल की बहुप्रतीक्षित पहली वुमेन्स कूट्योर लाइन ह्यशी'Velora'(वेलोरा) के लॉन्च पर नजर आई। कृष्णा ने वेलोरा कलेक्शन की ही एक शानदार झिलमिलाती मेटालिक गाउन पहनी थी, जो आधुनिक ड्रामा और टाइमलेस सोफिस्टिकेशन का खूबसूरत संगम थी। यह स्ट्रैपलेस गाउन काले पंखों जैसे टेक्सचर वाले बॉडिस से शुरू होकर नीचे की ओर मेटालिक चैनमेल-जैसे कपड़े में लहराती दिखी। ऊपरी हिस्से की कोमल बनावट और निचले हिस्से की कवच-सी चमक ने उनके लुक को एक आधुनिक ह्यवारियर चिकह्ल अंदाज दिया। कृष्णा का हेयरस्टाइल हल्के उभरे हुए वेव्स में सेट किया गया था, जो उनके चेहरे को सुंदरता से फ्रेम कर रहा था। न्यूड लिप्स और सॉफ्ट आई मेकअप के साथ उनका लुक बेहद सटीक और संतुलित दिखा। इस स्टाइल को पूरा किया लॉन्ग डायमंड ईयररिंग्स और चंकी बैंगल-स्टाइल ब्रेसलेट ने, जो गाउन की



आर्किटेक्चरल डिटेल्स के साथ पूरी तरह मेल खाते थे। कूट्योर लाइन के इस लॉन्च पर कृष्णा श्रॉफ की मौजूदगी वास्तव में ह्यशी''Velora' कलेक्शन की आत्मा का प्रतीक रही। यह कलेक्शन उन महिलाओं के लिए है जो आत्मविश्वासी, निडर और प्रभावशाली हैं – और कृष्णा ने इस विजन को बखूबी प्रस्तुत किया।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर के सुसाइड नोट से भूचाल, फ्रर पर लगाया बचपन से यौन शोषण का सनसनीखेज आरोप; कांग्रेस हमलावर

**तिरुवनंतपुरम** केरल के कोट्टायम निवासी 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर आनंदु अजी की आत्महत्या के मामले ने एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। तिरुवनंतपुरम के एक लॉज में मृत पाए गए आनंदु ने अपने सुसाइड नोट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों पर बचपन से लेकर बड़े होने तक लगातार यौन शोषण करने का भयावह आरोप लगाया है। इस खुलासे के बाद कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने फ्रर को घेरते हुए मामले की निष्पक्ष और उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है। आत्महत्या करने से पहले आनंदु अजी ने इंस्टाग्राम पर साझा किए अपने विस्तृत नोट में उस दर्दनाक पीड़ा का खुलासा किया, जिसे वह बचपन से झेल रहे थे। उन्होंने लिखा कि जब उनके माता-पिता ने उन्हें फ्रर की शाखा में भेजा, तो महज तीन साल की उम्र में संघ के एक सक्रिय सदस्य और पड़ोसी ने उनका यौन शोषण शुरू कर दिया। यह भयावह सिलसिला यहीं नहीं रुका, बल्कि फ्रर के आईटीसी और ओटीसी कैंपों में भी जारी रहा, जहाँ उनके साथ बार-बार दुर्व्यवहार किया गया और डंडों से पीटा भी गया। आनंदु ने स्पष्ट किया कि उनकी मौत की वजह कोई रिश्ता नहीं, बल्कि यही बचपन का गहरा सदमा था,



जिसके कारण वह ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर ( जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे। अपने अंतिम शब्दों में, उन्होंने लोगों को एक मार्मिक चेतावनी देते हुए लिखा, ह्लफ्रर वालों से दोस्ती न करेंङ्घ मेरे पास सबूत नहीं है लेकिन इस बात का सबूत मेरी जिंदगी ही है,ह्व और यह कामना भी की कि ह्लदुनिया का कोई बच्चा वैसा दर्द न सहे।ह्व

# माता जय रानी जैन की आंखों से दो अंधेरी जिंदगियां होंगी रोशन:- संजीव अरोड़ा

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**हैप्पी कलेर**

अशोक नगर वकीलां बाजार निवासी 75 वर्षीय जय रानी जैन के निधन उपरांत उनके पारिवारिक सदस्यों उनके पति सिकंदर लाल जैन, संदीप जैन, नेहा जैन, अंजू जैन, विनय जैन, रिशा जैन, अश्वनी जैन,भावना जैन, शगुन जैन, ने अपनी माता के नेत्र रोटरी आई बैंक के माध्यम से थिंड आई अस्पताल को दान कर दिए, दान लेने की प्रक्रिया को डॉक्टर अमनिंदर पाल ,अमनदीप सिंह,अमरजीत कौर व असिस्टेंट गुरप्रीत सिंह ने पूरा किया।

इस अवसर पर रोटरी आई बैंक के चेयरमैन व प्रमुख समाज सेवी संजीव अरोड़ा ने परिवार का धन्यवाद करते हुए कहा कि माता जय रानी जैन की आंखों से दो अंधेरी जिंदगियां रोशन होगी जो अब तक कॉर्निया ब्लाइंडनेस की वजह से अंधेरी जिंदगी व्यतीत कर रहे है। क्यों जो एक व्यक्ति द्वारा दान की गई आंखें दो लोगों को लगाई जाती हैं। और श्री अरोड़ा ने कहा कि अगर आपके आसपास किसी की मृत्यु होती है तो उसकी आंखें 6 से 8 घंटे के भीतर ली जा सकती हैं अगर सही समय पर परिवार की ओर से सूचना दे दी जाए तो उसकी आंखें दान करवाई जा सकती हैं जो किसी के अंधेरे जीवन को रोशन करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। इस मौके पर पति सिकंदर लाल जैन व संदीप जैन (पुत्र) ने बताया कि उनके माता जी की इच्छा थी कि उनके मरणोपरांत नेत्रदान करवाए जाएं इसलिए परिवार की ओर से उनकी इच्छा को पूरा करते हुए उनके नेत्रदान करवाए गए।इस अवसर पर सोसाइटी की ओर से मदन लाल महाजन,विजय अरोड़ा व ईशान जैन भी मौजूद थे।



**माता जय रानी जैन के नेत्र उनके पारिवारिक सदस्यों द्वारा थिंड आई अस्पताल को दान करते हुए साथ में चेयरमैन संजीव अरोड़ा व अन्य।**

# नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रि. डा. विधि भल्ला को किया सम्मानित:- संजीव अरोड़ा

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**हैप्पी कलेर**

रोटरी आई बैंक एवं कॉर्नियल ट्रांसप्लांटेशन सोसाइटी की ओर से चेयरमैन एवं प्रमुख समाजसेवी संजीव अरोड़ा के नेतृत्व में डी.ए.वी. कालेज ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) को पिछले वर्ष किए गए नेत्रदान संबंधी कार्यों के लिए विशेष तौर पर प्रशंसा पत्र देकर प्रि. डा. विधि भल्ला को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन संजीव अरोड़ा ने बताया कि डी.ए.वी. कालेज द्वारा पिछले वर्ष नेत्रदान संबंधी जो कार्य किए गए उनमें छात्रों द्वारा स्किट के माध्यम से व अन्य कई प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थी वर्ग व स्टाफ को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया गया। और इसके साथ-साथ कालेज की ओर से प्रत्येक वर्ष जो नेत्रदान संबंधी जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है अति प्रशंसनीय कार्य है। और श्री अरोड़ा ने कहा कि सोसाइटी का यह प्रयास रहेगा कि युवा वर्ग ज्यादा से ज्यादा नेत्रदान मुहिम के साथ जुड़े, और लोगों को नेत्र दान प्रण पत्र भरने के लिए प्रेरित करें। क्यों जो कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित लोगों की तादाद बहुत ज्यादा है जिन्हें रोशनी देने का प्रयास किया जा सके।

इस मौके पर महासचिव प्रो. दलजीत सिंह ने कहा कि सोसाइटी का प्रत्येक सदस्य दृढ़ संकल्प के साथ निस्वार्थ भाव से इस पुण्य के कार्य में लगा हुआ है ताकि सोसाइटी का जो उद्देश्य है, कि देश से कॉर्नियल अंधेपन को जड़ से खत्म करना है उसे पूरा किया जा सके। और उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक कार्यों में भाग लेना चाहिए क्योंकि समाज सेवा का सौभाग्य परमपिता परमात्मा के आशीर्वाद से ही मिलता है जिसे प्राप्त करने के लिए ही मानव जीवन का अवतरण हुआ है। सम्मान प्राप्त करते हुए प्रि. डा. विधि भल्ला ने सोसाइटी का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि नेत्रदान जागरूकता के लिए जो सम्मान की प्राप्ति हुई है उसके लिए वह सोसाइटी के आभारी रहेंगे। और उन्होंने कहा कि वह आगे भी समय-समय पर कॉलेज स्तर पर छात्रों को जागरूक करने हेतु सेमिनारों का आयोजन करते रहेंगे जिससे विद्यार्थी वर्ग भी नेत्रदान प्रण पत्र भरने हेतु आगे आए। डा. विधि भल्ला ने विशेष तौर पर चेयरमैन संजीव अरोड़ा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संजीव अरोड़ा समाज सेवा के पुंज है और सेवा कार्यों को अपना धर्म मानते हैं क्योंकि आंखों का दान लेकर किसी को रोशनी प्रदान करना ईश्वरीय देन से कम नही है। इस अवसर पर प्रो. डा. मोनिका, प्रो. दलजीत सिंह, अश्वनी कुमार दत्ता, वीना चोपड़ा व कृष्ण किशोर भी उपस्थित थे।



**प्रि. डा. विधि भल्ला को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हुए चेयरमैन संजीव अरोड़ा व अन्य।**

# सलाखों के पीछे पहुंचने पर फूट-फूटकर रोई महामंडलेश्वर पूजा, पुलिस अब गैंगस्टर एक्ट लगाने की तैयारी में

**अलीगढ़**

यूपी के अलीगढ़ में चर्चित टीवीएस शोरूम मालिक अभिषेक गुप्ता हत्याकांड की मुख्य आरोपी और 50 हजार की इनामी महामंडलेश्वर पूजा शकुन पांडेय उर्फ अन्नपूर्णा भारती को आखिरकार सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। शुक्रवार रात राजस्थान के भरतपुर से गिरफ्तारी के बाद जब उसे जेल में दाखिल किया गया, तो वह फूट-फूटकर रो पड़ी। अधिकारियों ने उसे जेल के नियम-कायदे समझाए, जिसके बाद उसे महिला बैरक में भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक, 26 सितंबर को खेरेश्वर चौराहे पर हुई अभिषेक गुप्ता की हत्या के बाद से ही पूजा शकुन पांडेय फरार चल रही थी। शुक्रवार को गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेजा गया, जहां वह काफी परेशान और बेचैन नजर आई। हालांकि, अन्य महिला कैदियों ने उसे संभाला और उसने समय पर खाना खाया, लेकिन उसकी पहली रात करवटें बदलते हुए ही गुजरी। जेल प्रशासन ने पूजा और उसके पहले से बंद पति अशोक कुमार पांडेय, दोनों को हृसंवेदनशील श्रेणीह्व के कैदियों में रखा है। पुलिस अब इस मामले में कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। एएसपी मयंक पाठक ने बताया कि मामले में जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी और सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई होगी। इसके अलावा, पुलिस उन लोगों की भी पहचान कर रही है जिन्होंने फरारी के दौरान पूजा को शरण दी या भागने में उसकी मदद की। ऐसे सभी लोग अब पुलिस के रडार पर हैं। इस बीच, मृतक अभिषेक के भाई आशीष ने पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने रविवार को रोरावर थाने में इंस्पेक्टर से मुलाकात कर मांग की कि पुलिस को आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (ठरअ) के तहत कार्रवाई करनी चाहिए और उनकी संपत्ति की कुर्की भी होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने जल्दबाजी में पूजा को जेल भेज दिया, जबकि उससे रिमांड पर लेकर सख्ती से पूछताछ होनी चाहिए थी ताकि हत्या के पीछे के पूरे षड्यंत्र का खुलासा हो सके।



# विश्व मानक दिवस के अवसर पर सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज में मानक एक्सपो का आयोजन

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर**
**रविंदर**

विश्व मानक दिवस-2025 के समारोहों के हिस्से के रूप में, ब्यूरो

## 17 स्कूलों के 600 छात्रों और 30 शिक्षकों ने लिया हिस्सा

ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बी.आई.एस.) चंडीगढ़ शाखा कार्यालय द्वारा आज पंडित जगत राम सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, होशियारपुर में मानक एक्सपो (कार्निवल) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 17 स्कूलों के 600 छात्रों और 30 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सहायक कमिश्नर परमप्रीत सिंह ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरूआत निदेशक और प्रमुख, बी.आई.एस. चंडीगढ़ शाखा विशाल तोमर के स्वागत भाषण के साथ हुई। मंच संचालन उप निदेशक कुशाग्र जिंदल ने किया और हर्ष सोंकर ने विश्व मानक दिवस के महत्व और बी.आई.एस. की विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कुल 10 उद्योगों, जैसे कि




हॉकिन्स, उषा मार्टिन, सरस्वती प्लाइवुड, के.टी.एम. प्लाइवुड और सैनिटरी नैपकिन निर्माताओं ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए। जिला प्रशासन द्वारा भेजे गए स्वयं सहायता समूहों ने भी प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। पंडित जगत राम सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल को कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए बी.आई.एस. द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं और नृत्य, गीत, पोस्टर बनाना आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्रों और स्कूलों को पुरस्कार दिए गए।

इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय जादूगर प्रमोद कुमार ने अपनी मनमोहक और आकर्षक प्रस्तुति से समारोह में चार चांद लगाए। यह कार्यक्रम छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय में मानकों और गुणवत्ता के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने में सफल रहा।

# जनगणना 2027 की तैयारी संबंधी बैठक सम्पन्न, डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने दिए निर्देश

## अधिकार क्षेत्रीय ढांचा, ग्रामीण-शहरी वर्गीकरण व अन्य विषयों पर हुई विस्तृत चर्चा

**जनगाथा न्यूज/होशियारपुर, रविंदर**

डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन की अध्यक्षता में आज होशियारपुर में जनगणना 2027 की तैयारी संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत की गई, जिसमें जनगणना विभाग, चंडीगढ़ से सहायक निदेशक स्वदेश प्रताप सिंह और जिला इंचार्ज अंकित ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान जनगणना विभाग की ओर से हाल ही में जारी सर्कुलरों अधिकार क्षेत्रीय ढांचा, ग्रामीण-शहरी वर्गीकरण, बाहरी विकास क्षेत्र एवं शहरी समूह तथा बेस मैप की अपडेटिंग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन बिंदुओं का सही और समयबद्ध अद्यतन जनगणना 2027 की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में तहसीलदारों तथा शहरी क्षेत्रों में नगर परिषदों और नगर पंचायतों द्वारा भेजी गई रिपोर्टों का दोबारा परीक्षण



किया जाए। आवश्यक सुधार कर संशोधित रिपोर्टें शीघ्र जनगणना भवन को भेजने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यह कार्य पूरी गंभीरता, सटीकता और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि जनगणना की प्रक्रिया में कोई विलंब न हो। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जनगणना देश की नीतियों और विकास योजनाओं की नींव होती है, इसलिए सभी अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण जिम्मेदारी से संपन्न करें। बैठक में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (सामान्य) अमरबीर कौर, एसडीएम टांडा परमप्रीत सिंह, एसडीएम गढ़शंकर संजीव कुमार, उप अर्थ एवं आंकड़ा सलाहकार सुनीता बोपाल, तहसीलदार तथा नगर परिषद/नगर पंचायतों के कार्यकारी अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# करूर भगदड़ कांड: सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का फैसला, सीबीआई जांच के दिए आदेश

**चेन्नई**

तमिलनाडु के करूर में तमिल अभिनेता और राजनेता विजय की राजनीतिक रैली के दौरान मची भगदड़ में 41 लोगों की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (उइक) को सौंप दी है। कोर्ट ने इस मामले में 10 अक्टूबर को ही अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की पीठ ने सीबीआई जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अजय रस्तोगी की अध्यक्षता में एक निगरानी समिति का भी गठन किया है। यह समिति पूरी जांच प्रक्रिया पर अपनी नजर रखेगी। यह मामला तब



सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जब मद्रास हाईकोर्ट ने इस घटना की सीबीआई जांच की मांग को खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ बीजेपी नेता उमा आनंदन ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। अपनी याचिका में उन्होंने राज्य पुलिस की जांच पर अविश्वास जताते हुए एक स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की थी। आपको बता दें कि यह दुखद घटना 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में हुई थी, जहां अभिनेता से राजनेता बने विजय की एक विशाल रैली का आयोजन किया गया था। रैली के दौरान भारी भीड़ के कारण अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें कम से कम 41 लोगों की कुचलकर मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। इस घटना ने राज्य में राजनीतिक रैलियों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे।

# ताजमहल में लगी आग: चारों ओर फैला धुएं का गुबार, एलटी लाइन के ज्वाइंटर में हुआ शॉर्ट सर्किट



**नई दिल्ली**

ताजमहल के दक्षिणी गेट परिसर के पास अचानक आग लग गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि एलटी लाइन के ज्वाइंटर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण यह आग लगी। आग लगते ही ताजमहल परिसर से धुएं का गुबार उठने लगा, जिसे देखकर पर्यटक और स्थानीय लोग घबरा गए।

**दो घंटे के शटडाउन के बाद स्थिति सामान्य**

घटना की सूचना मिलते ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के कर्मचारियों ने तुरंत टोरेंट पावर कंपनी को सूचित किया। कंपनी की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दो घंटे का शटडाउन लेकर मरम्मत कार्य शुरू किया और आग पर काबू पा लिया।

**दक्षिणी गेट पहले से बंद था, स्मारक को नहीं हुआ कोई नुकसान**

जानकारी के अनुसार, दक्षिणी गेट परिसर की दायीं ओर स्थित कोठरियों के ऊपर से एलटी लाइन गुजरती है। उसी लाइन के ज्वाइंटर से चिंगारी उठी, जिसके बाद प्लास्टिक ज्वाइंटर में आग भड़क गई और पूरा क्षेत्र धुएं से भर गया। सौभाग्य से, दक्षिणी गेट सुरक्षा कारणों से पहले से ही बंद था, इसलिए किसी सैलानी या कर्मचारी को कोई चोट नहीं आई। ताजमहल के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी ने बताया कि आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया है और स्मारक को किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ। मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है और परिसर की बिजली व्यवस्था अब सामान्य कर दी गई है।

**स्थानीय प्रशासन भी सतर्क**

इस घटना के बाद टोरेंट पावर और एएसआई ने सुरक्षा जांच तेज कर दी है ताकि भविष्य में ऐसी कोई तकनीकी गड़बड़ी दोबारा न हो। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ताजमहल पूरी तरह सुरक्षित है और स्मारक के अंदर पर्यटकों की आवाजाही पर कोई असर नहीं पड़ा है।

# 'फिलीस्तीन को मान्यता दो', ट्रंप के संबोधन के बीच इजराइली संसद में हंगामा, दो सांसदों ने किया विरोध

**तेल अवीव**

इजरायली सांसद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सख्त प्रधानमंत्री करार दिया। हल्के फुल्के अंदाज में कहा इनसे निपटना आसान नहीं। वहीं, इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब इजराइल की संसद में संबोधन दे रहे थे, तो 2 सांसदों एमान ओदेह और ओफर कासिफ ने हंगामा किया।

सांसदों ने ट्रंप के सामने नरसंहार का साइन दिखाया और उनकी ओर बढ़ने लगे। इन सांसदों को बाहर का रास्ता दिखाया गया। इस पर ट्रंप ने कहा कि ये कारगर तरीका है और अपना भाषण जारी रखा। संसद में हदश-ताअल पार्टी के अध्यक्ष आयमेन ओदेह ने ट्रंप के भाषण के दौरान एक तख्ती दिखाई। इसमें लिखा था, ह्वफिलीस्तीन को मान्यता दो।ह्व इसी पार्टी के एक अन्य सासंद ओफर कासिफ ने भी तख्ती दिखाने की कोशिश की, लेकिन दोनों सांसदों को सुरक्षा बलों ने जबरन संसद से बाहर कर दिया। ट्रंप ने उन अरब और मुस्लिम देशों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने बंधकों को छोड़ने के लिए हमास पर दबाव डाला। उन्होंने कहा कि यह इजराइल के लिए बहुत बड़ी जीत है कि कई देश मिलकर शांति के लिए काम कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि यह समय याद रखा जाएगा जब सब कुछ बदलना शुरू हुआ। यह इजराइल और मिडिल के लिए सुनहरा समय होगा। अमेरिका की मध्यस्थता से युद्धविराम लागू होने को ट्रंप ने ह्वआतंक के युगह्व का अंत बताया। ट्रंप ने घोषणा की कि युद्धविराम समझौता गाजा पर इजरायल के युद्ध के साथ-साथ ह्वआतंक और मृत्यु के युगह्व का भी अंत है। नेसेट को संबोधित करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: यह केवल एक युद्ध का अंत नहीं है। यह आतंक और मृत्यु के युग का अंत है और विश्वास, आशा और ईश्वर के युग की शुरूआत है। उन्होंने कहा, ह्वयह इजरायल और उन सभी देशों के लिए एक महान सद्भाव और स्थायी सद्भाव की शुरूआत है जो जल्द ही एक सचमुच शानदार क्षेत्र बन जाएगा। मैं इस पर दृढ़ता से विश्वास करता हूं। यह एक नए मध्य पूर्व का ऐतिहासिक उदय है।ह्व ट्रंप ने 7 अक्टूबर 2023 के नरसंहार को दुखदायी बताते हुए कहा कि हमें अब साथ मिलकर संकल्प लेना है कि ये दोबारा नहीं होने देंगे। इजरायली और फिलिस्तीनी दोनों के लिए अब संकट का दौर खत्म हो गया है। भविष्य सुखमय होगा और पूरे मध्य पूर्व में शांति का संचार होगा। उन्होंने आईडीएफ को शुक्रिया कहा जिसने अपनी साहस और ताकत के बूते बेहतरीन काम किया।

# सरकारी स्कूल में मां सरस्वती को कपड़े से ढका, फिर उड़ाई चिकन-मटन की दावत; मीडिया को देखते ही प्रिंसिपल फरार

**सूरत**



गुजरात के सूरत जिले के एक सरकारी स्कूल में शिक्षा के मंदिर को अपमानित करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ रविवार को न केवल मांसाहारी पार्टी का आयोजन किया गया, बल्कि स्कूल परिसर में स्थापित विद्या की देवी मां सरस्वती की मूर्ति को भी कपड़े से ढक दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही जब मीडिया मौके पर पहुंची, तो प्रिंसिपल समेत स्कूल का पूरा स्टाफ और आयोजक वहां से फरार हो गए। यह पूरा विवाद गोडादरा स्थित शिक्षण समिति द्वारा संचालित एक सरकारी स्कूल का है। जानकारी के अनुसार, स्कूल में 1987 से 1991 के बीच पढ़े तेलुगू समाज के पूर्व छात्रों ने एक ह्वगेट-टुगेदरह्व कार्यक्रम के लिए स्कूल परिसर का इस्तेमाल किया। इस पार्टी में चिकन और मटन पकाया और परोसा गया। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह रही कि इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल भी वहां मौजूद थे और उनकी देखरेख में ही यह सब हुआ। स्कूल के सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि सभी लोग सुबह ही आ गए थे, जिसके बाद यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मामले ने तूल पकड़ा तो शिक्षण समिति भी हरकत में आई। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कपाड़िया और प्रवक्ता विनोद गजेरा ने बताया कि उनकी स्कूल के प्रिंसिपल से बात हुई है और उन्होंने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा, सोमवार को इस मामले में समिति की एक बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें पूरी जांच के बाद प्रिंसिपल के खिलाफ सख्त और उचित कार्रवाई की जाएगी।